प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राजद नेता तेजस्वी यादव सहित कई दिग्गज नेताओं की झारखंड में चुनावी सभा आज।
2. संताल की तीन सीटों दुमका, गोड्डा और राजमहल में आज एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी करेंगे नामांकन, रोड शो की भी है तैयारी।
3. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड की चामी मुर्मू समेत अन्य हस्तियों को पद्मश्री और पद्म पुरस्कारों से किया अलंकृत।
4. पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में ईडी ने हजारीबाग कोर्ट के कर्मचारी समेत तीन लोगों को किया गिरफ्तार।
5. रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम मैच में महाराष्ट्र ने झारखंड को हराया, अंक तालिका में हरियाणा पहले और झारखंड दूसरे स्थान पर।

************************

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में एनडीए और इंडी गठबंधन की ओर से जोर–शोर से चुनावी सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह झारखंड दौरे पर रहेंगे। अमित शाह खूंटी में भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की चुनावी सभा में शामिल होंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के नामांकन में मौजूद रहेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद वे रोड शो और चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। श्रीसिंह दुमका में भी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मौके पर प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगी। राजनाथ सिंह के कार्यक्रम को लेकर गोड्डा जिला प्रशासन अलर्ट है। गोड्डा मुख्य बाजार में दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक सभी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

इधर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी आज खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करेंगे। लोहरदगा लोकसभा के गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड में श्रीसाय आज दोपहर दो बजे जनसभा को संबोधित करेंगे।

************************

उधर राजमहल लोकसभा क्षेत्र में दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं में नामांकन को लेकर जोश और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इंडी गठबंधन के विजय हासदा की चुनावी सभा रेलवे इंस्टिट्यूट मैदान में होगी, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, हेमलाल मुर्मू समेत कई नेता शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के ताला मरांडी और उनके समर्थकों का कार्यक्रम सिद्धू कान्हू स्टेडियम में होगा जिसमें राजमहल विधायक अनंत ओझा, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी भी मौजूद रहेंगे।

उधर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी आज गढ़वा के ऊंटारी रोड तथा पलामू के हुसैनाबाद में चुनावी सभा करेंगे।

************************

लोकसभा चुनाव को लेकर आज एनडीए और इंडी गठबंधन के कई प्रत्याशी नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। संताल की तीनों सीटों गोड्डा, दुमका और राजमहल पर आज नामांकन होगा। दुमका में भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन और झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन नामांकन करेंगे। दोनों खेमे से रैली और जनसभाएं भी होंगी। उधर, गोड्डा में भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे और राजमहल सीट से भाजपा के ताला मरांडी और झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा भी नामांकन करेंगे। वहीं रोड शो का भी आयोजन किया जायेगा। संताल परगना की तीनों सीटों पर अंतिम चरण यानी एक जून को मतदान होना है।

************************

लोहरदगा जिले मे मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

***********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सरायकेला–खरसावां की चामी मुर्मू समेत अन्य हस्तियों को पद्मश्री और पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया। चामी मुर्मू को पर्यावरण और महिला सशाक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

बता दें कि इस वर्ष एक सौ बत्तीस पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गयी थी। जिसमें आधे से अधिक लोगों को बाईस अप्रैल को सम्मानित किया गया था। बाकी बचे लोगों को कल सम्मानित किया गया।

***********************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में ईडी ने जमीन के फर्जी डीड लिखने वाले मुंशी और दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बड़गाईं अंचल से जुड़े लगभग आठ एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े मामले में हजारीबाग कोर्ट के कर्मचारी मोहम्मद इरशाद के साथ कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी और तापस घोष और संजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

इधर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की पत्नी से ईडी ने कल रांची में पूछताछ की। बता दें कि संजीव लाल के नौकर के घर से ईडी ने लगभग 35 करोड़ रूपये बरामद किया था।

***********************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कल शाम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान को लेकर जिले के सभी क्षेत्रों में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन पर शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस से जीआरपी और आरपीएफ ने संयुक्त छापेमारी कर दो बैग से लगभग सत्रह किलो गांजा बरामद किया है।
- जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना क्षेत्र में मोनू सिंह पर फायरिंग मामले में पुलिस ने अखिलेश के साथी कन्हैया सिंह को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

***********************

राजधानी रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का कल समापन हो गया। सोलह अंकों के साथ हरियाणा की टीम पहले स्थान पर रही जबकि पंद्रह अंकों के साथ झारखंड की टीम दूसरे स्थान पर रही। कल खेले गए अंतिम मैच में झारखंड को महाराष्ट्र ने हराया।

***********************

राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में कल ओलावृष्टि के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार आज पश्चिमी सिंहभूम, रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, रामगढ़ में बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

***********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u> –

राज्य के अधिकांश अखबारों ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीता रमण के रांची दौरे और ईडी की कार्रवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने वित्तमंत्री के हवाले से लिख है– जनता के परिश्रम से अर्थव्यवस्था हुई मजबूत, सरकार पर भरोसा भी रखा।

रांची एक्सप्रेस ने निर्मला सीता रमण के बयान को सुर्खी बनायी है जिसका शीर्षक है–समृद्ध झारखंड के लिए बेहतर लोगों को चुनकर सदन में भेजें।

राष्ट्रीय नवीन मेल लिखता है– हर सिग्नेचर पर वसूली तो कैसे आएगा निवेश।

दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर  और हिंदुस्तान ने हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*****************